*This question paper contains 10 printed pages.*

6856 *Your Roll No.* ..............................

# LL.B. / I Term **G**

## Paper LB-104

## CRIMINAL LAW (SPECIFIC CRIMES) (OC)

*Time* : 3 hours *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

NOTE:— *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी:— *इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt any five questions*
*All questions carry equal marks.*

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. (a) A, B and C assaulted their junior and fresher X in their hostel room while ragging him. They punched and kicked him on non-vital parts of his body as he refused to dance on a song played by them on their mobile phone. X fell down and became unconscious.

Presuming him to be dead they hanged him from the ceiling fan by a rope, so as to create an impression that X had committed suicide. The *post-mortem* examination showed that death was due to asphyxiation.

Decide culpability of A, B and C with the help of decided cases.

अपने छात्रावास के कमरे में रैगिंग करते समय, A, B और C ने कनिष्ठ नये विद्यार्थी X के साथ मार-पीट की। उनके मोबाइल फोन पर बजाये गाने पर नाचने को मना करने के कारण उसे लात व घूसों से शरीर के गैर-मार्मिक अंगों पर मारा। X गिर कर बेहोश हो गया। उसको मृत समझ कर उन्होंने उसे छत के पंखे से लटका दिया, यह आभास दिलाने के लिये कि उसने आत्महत्या की है। *पोस्ट-मार्टम* जाँच में पाया गया कि मृत्यु गला घुटने से हुई है।

निर्णीत वादों की सहायता से A, B व C की अभियोज्यता का निर्णय कीजिए।

(b) Ajay and Vijay got into an argument while playing cricket match. Ajay suddenly struck Vijay with his cricket bat and Vijay retaliated by forcefully hitting him on the head by the cricket ball which he was holding. The injury so inflicted caused brain haemorrhage in Ajay and he died soon afterwards. The doctor stated that the injury was sufficient in the ordinary course of nature to cause death.

A case was registered against Ajay under section 302 IPC. Discuss the criminal liability of Vijay citing relevant case law.

क्रिकेट मैच खेलते हुए अजय व विजय में बहस हो गई। अजय ने अचानक विजय पर अपने बल्ले से प्रहार किया और जवाब में विजय ने अपने हाथ में पकड़ी गेंद से उसके सिर पर जोर से प्रहार किया। गेंद से उसे मस्तिष्क में रक्तस्राव हो गया और अजय की मृत्यु हो गई। डॉ० के अनुसार अजय की चोट सामान्य रूप से मृत्यु के लिये पर्याप्त थी।

IPC की धारा 302 में विजय पर मुकद्दमा दर्ज किया गया। प्रासंगिक वाद-विधि की सहायता से विजय के आपराधिक दायित्व का विवेचन कीजिए।

2. (a) Omprakash, a farmer was very depressed because of recurrent crop failure and economic hardship caused thereby. He was hard pressed for money. To end his sufferings once and for all times to come he gave poison to his wife and two children. He planned to poison himself too but panicked at the last moment. The wife and children died of poisoning.

Omprakash pleaded depression and poverty as an excuse for killing his family. Will he succeed? Discuss.

बार-बार होने वाली फसल की खराबी और उससे उत्पन्न आर्थिक कठिनाई के कारण ओम प्रकाश, एक किसान, बहुत दुखी रहता था। उसके पास धन की बहुत कमी थी।

अपने दुखों का अंत करने के लिये उसने अपनी पत्नी व दोनों बच्चों को जहर दे दिया। वह खुद भी जहर खाना चाह रहा था परन्तु आखिरी समय घबरा गया। उसकी पत्नी व दोनों बच्चों की मृत्यु हो गई।

अपने परिवार को मारने के लिये ओमप्रकाश ने गरीबी व अवसाद का बहाना लिया। क्या वह सफल होगा? विवेचन कीजिए।

(b) Bring out the differences and similarities between grave and sudden provocation and sudden fight.

संगीन व आकस्मिक रूप से उकसाना तथा आकस्मिक झगड़ा में समानताएँ तथा अंतर बताइए।

3. (a) A, a truck driver was driving his truck at normal speed.

Suddenly, a pedestrian Y came in his way. The pedestrian (Y) was using mobile phone and was completely oblivious to the approaching truck and the traffic around him. On seeing Y, A applied the brakes but inspite of his best efforts couldn't prevent the accident. Y was hit hard and died on the spot.

The driver (A) was tried and convicted under section 304-A IPC for negligent driving. Has he been rightly convicted?

A अपने ट्रक को साधारण गति से चला रहा था। अचानक एक पैदल-चलता व्यक्ति रास्ते में आ गया। वह व्यक्ति मोबाइल फोन पर बात कर रहा था और दुनिया से

और आस-पास के वाहनों से बेखबर था। Y को देखकर A ने ब्रेक लगाये परन्तु पूरे प्रयास करने पर भी दुर्घटना नहीं बचा पाया। Y को जोर से टक्कर लगी तथा वह वहीं घटनास्थल पर मर गया।

IPC की धारा 304 के तहत चालक A को लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में सजा दी गई। क्या उसे सजा
4 उचित दी गई है?

(b) Suresh suspected his wife Savitri of infidelity. One day when he returned from office, his wife took more than usual time for opening the main door as she didn't hear the doorbell. Infuriated, Surech hit her below navel. Savitri fell down and became unconscious. She was hospitalised but couldn't regain consciousness and died after a month.

Suresh pleaded in his defence that he didn't kick her with an intention to kill. What is the criminal liability of Suresh? Explain giving relevant case law and legal provisions.

सुरेश को अपनी पत्नी सावित्री पर बेवफाई का शक था। एक दिन जब दफ्तर से घर आने पर उसकी पत्नी ने मुख्य द्वार खोलने में रोज की तुलना में अधिक समय लिया क्योंकि उसे घंटी सुनाई नहीं दी थी तो गुस्से में आकर सुरेश ने सावित्री की नाभि के नीचे प्रहार किया। सावित्री गिरकर बेहोश हो गई उसे अस्पताल ले जाया गया परन्तु वह होश में नहीं आयी और एक माह बाद उसकी मृत्यु हो गई।

सुरेश ने अपने बचाव में अनुनय की कि उसने पदाघात सावित्री को मारने के इरादे से नहीं किया था। सुरेश का आपराधिक दायित्व क्या है? प्रासंगिक वाद-विधि और न्यायिक प्रावधान देते हुए समझाइए।

4. Prerna and Puneet got married on 10th February 2014. It was agreed before their marriage that a car and Rs. 5 lakhs will be given to Puneet's family at the time of wedding or soon afterwards. But Prerna's parents failed to give the promised amount or car. As a result Prerna was not allowed to ever visit her family. She was not given nutritious food even when she was expecting her first child. She gave birth to a baby boy on 1st April, 2015. She developed some medical complications thereafter, but was not taken to the hospital or given any medication. Prerna died a slow and painful death on 30th April, 2015.

Can Puneet be charged of any offence/s? Discuss.

प्रेरणा व पुनीत की शादी 10 फरवरी, 2014 को हुई। शादी से पूर्व ही समझौता हुआ था कि शादी के समय या तुरन्त बाद पुनीत के परिवार को एक कार व पाँच लाख रुपये दिये जायेंगे। परन्तु प्रेरणा के माँ-बाप उक्त राशि या कार नहीं दे पाये। फलस्वरूप प्रेरणा को अपने परिवार से मिलने नहीं दिया गया। उसे पोषक भोजन नहीं दिया गया, जब पहली बार वह गर्भवती थी तब भी। 1 अप्रैल 2015 में उसने एक पुत्र को जन्म दिया। उसके पश्चात् उसे कुछ चिकित्सीय जटिलताएँ विकसित हुईं परन्तु उसे न तो दवाईयाँ दी. गईं और न ही अस्पताल ले

जाया गया। 30 अप्रैल 2015 को प्रेरणा की धीरे-धीरे व कष्टदायक मृत्यु हो गई।

क्या पुनीत को किसी अपराध या अपराधों के लिए प्रभारित किया जा सकता है? विवेचन कीजिए।

5. Meenu, a 16 year old girl worked as a domestic servant in Anita's house. Anita lost her necklace and suspected that Meenu had stolen it. She filed a complaint against Meenu and both were called to the Police Station. Meenu came with her mother and Anita came with her husband. All were asked to leave the Police Station except Meenu, whose presence was required for further investigation. Gopal, a police constable then had sexual intercourse with Meenu in the Police Station, whereas another constable Madan, touched her private parts. Meenu said that she did not consent to the sexual intercourse and had protested touching her body in an inappropriate manner.

Can Gopal and Madan be held liable for rape?

16 वर्षीय मीनू अनीता के घर में घरेलू नौकरानी की तरह काम कर रही थी। अनीता का एक गले का हार खो गया और उसे मीनू पर शक था कि मीनू ने हार चुराया है। उसने मीनू के विरुद्ध शिकायत दर्ज की। दोनों को थाने बुलाया गया। मीनू अपनी माँ के साथ आयी और अनीता अपने पति के साथ। मीनू को थाने में रोक कर बाकी सब को वापिस भेज दिया गया क्योंकि और जाँच करने के लिये मीनू की वहाँ आवश्यकता

थी। पुलिस थाने में पुलिस सिपाही गोपाल ने मीनू के साथ संभोग किया और दूसरे सिपाही सिपाही मदन ने उसके अंतरंग अंगों को छुआ। मीनू ने संभोग के लिये मना किया था और अपने शरीर को गलत प्रकार से छुए जाने पर भी आपत्ति की थी।

क्या मदन व गोपाल को बलात्कार के लिये उत्तरदायी ठहराया जा सकता है ?

6. Savita, aged 17 years, participated in Miss Delhi Pageant and won the crown. She was approached by Veenu, a reputed film director, who promised to give her a leading role in his upcoming film. He gave her his visiting card. One month thereafter Savita dropped her class XII board exams and left her home against the wishes of her father to realise her dream of becoming an actress. Veenu allowed her to stay with him at his residence. He promised her free stay till the completion of the film in which he planned to cast her.

Can Veenu be held liable for kidnapping? Discuss.

17 वर्षीय सविता ने Miss Delhi Pageant में भाग लिया और उसे जीत लिया। उसके पास जाने-माने फिल्म निर्देशक वीनू ने आकर उसे अपनी आने वाली फिल्म में मुख्य भूमिका का प्रस्ताव दिया। उसने सविता को अपना विजिटिंग कार्ड दिया। उसके एक माह पश्चात् सविता अपनी XII कक्षा की बोर्ड परीक्षाएँ छोड़कर अपने पिता की इच्छा के विरुद्ध फिल्म तारिका बनने के अपने सपने को पूरा करने के लिये घर छोड़कर चली

गई। वीनू ने सविता को अपने घर में रहने की स्वीकृति दे दी। उसने सविता को फिल्म, जिस फिल्म में वह सविता को लेना चाह रहा था, के पूरा होने तक अपने घर में मुफ्त रहने की इजाजत भी दे दी।

क्या वीनू अपहरण का दोषी पाया जा सकता है? विवेचन कीजिए।

7. (a) A sells and conveys a farmland to B. Thereafter, he mortgages the same farmland to Z, without disclosing the fact of the previous sale and receives the mortgage money from Z.

What offence has A committed?

A, एक खेत बेचकर B को दे देता है। तत्पश्चात् उसी खेत को, बिना यह बताये कि वह बिक चुका है, वह Z को गिरवी रखकर, Z से गिरवी की रकम ले लेता है।

A ने क्या अपराध किया है?

(b) A in good faith, believing property belonging to Z to be A's own property takes that property out of Z's possession. After a week A realises his mistake, but as Z didn't complain, A keeps the property with himself.

Has A committed any offence? Decide.

जो संपत्ति वास्तव में Z की थी उसे नेक-नीयति में अपनी मानते हुए A ने Z से ले ली। एक सप्ताह के बाद A को अपनी गलती का पता चल गया परन्तु क्योंकि Z ने कोई

आपत्ति नहीं की इसलिये A ने वह सम्पत्ति अपने पास रहने दी।

क्या A ने कोई अपराध किया है? विवेचना कीजिए।

8. Write short notes on any *two* of the following:

(a) Explain and illustrate difference between theft and criminal misappropriation.

(b) Bring out clearly the difference between motive and intention.

(c) Compare and contrast between sections 304B IPC and 498A IPC.

निम्न में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए:

(a) चोरी और आपराधिक दुरूपयोग में भेद सोदाहरण समझाइए।

(b) इरादा व आकांक्षा में भिन्नता स्पष्टतया समझाइए।

(c) IPC की धारा 304 B और 498 A की तुलना व विषमता कीजिए।